आईआईटी पटना ने की इंजीनियरिंग छात्रों के लिए गोल्डमैन सैक्स पॉसिबिलिटीज समिट की मेजबानी

बिहटा (आससे)। आईआईटी पटना के सेंटर फॉर करियर डेवलपमेंट एंड काउंसलिंग ने द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए गोल्डमैन सैक्स पॉसिबिलिटीज समिट 2026-27 का आयोजन किया। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य छात्रों को वित्त (फाइनेंस) उद्योग में करियर के अवसरों से परिचित कराना, वित्तीय सेवाओं में प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान करना, और इस क्षेत्र में इंजीनियरों के लिए संभावित करियर विकल्पों को उजागर करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर गोल्डमैन सैक्स के प्रबंध निदेशक (मैनेजिंग डायरेक्टर) ताबिश खान; गोल्डमैन सैक्स के उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग बिजनेस पार्टनर) राहुल हर्ष; आईआईटी पटना के सीसीडीसी चेयरपर्सन डॉ. ऋषभ सिंह; आईआईटी पटना के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर कृपा शंकर सिंह; और समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) अभिनंदन पोरवाल एवं यथार्थ गुप्ता उपस्थित रहे। यह शिखर सम्मेलन सीसीडीसी के चेयरमैन डॉ. एन. के. तोमर के मार्गदर्शन और नेतृत्व में आयोजित किया गया।

उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए, राहुल हर्ष ने गोल्डमैन सैक्स, इसके विभिन्न व्यावसायिक आयामों और संगठन के भीतर उपलब्ध विविध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वित्तीय और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में एक सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल और क्षमताओं के संबंध में बहुमूल्य विचार भी साझा किए। मुख्य सत्र (कीनोट सेशन) गोल्डमैन सैक्स के प्रबंध निदेशक ताबिश खान द्वारा संचालित किया गया, जिन्होंने विशेष रूप से इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी पृष्ठभूमि वाले छात्रों के लिए फाइनेंस उद्योग में उपलब्ध करियर के व्यापक अवसरों और मार्गों पर प्रकाश डाला। इस सत्र में फाइनेंस में करियर तलाशने के इच्छुक छात्रों को सक्रिय रूप से जोड़ने के लिए कुछ इंटरैक्टिव %आइसब्रेकर% गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

इसके अलावा, वक्ताओं ने छात्रों के साथ सीधा संवाद किया और फाइनेंस उद्योग के बारे में आम भ्रांतियों को दूर किया। चर्चाओं में मुख्य रूप से विविधता और समावेशन के साथ-साथ फाइनेंस उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका और प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया गया।

आईआईटी पटना के विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों के लगभग 300 छात्रों ने इस शिखर सम्मेलन में भाग लिया और इन इंटरैक्टिव सत्रों तथा विशेषज्ञों के विचारों से लाभान्वित हुए।

प्राइमरी स्कूल में अवैध रसोइया नियुक्ति का आरोप

मसौढ़ी (आससे)। नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड संख्या 28 की वार्ड पार्षद रूबी देवी ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मसौढ़ी को पत्र देकर प्राथमिक विद्यालय वार्ड संख्या 28 और वार्ड संख्या 05 कैलाश नगर मसौढ़ी में रसोइया की अवैध नियुक्ति का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। वार्ड पार्षद द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के दिये गये आवेदन में कहा गया है कि प्राथमिक विद्यालय वार्ड-28/ वार्ड-05 में पदस्थापित प्रभारी शिक्षक मो. शाकीब नाजीर और प्रधानाध्यापक / प्रभारी जय गोविन्द सिंह के द्वारा रसोइया का चयन अवैध तरीके से बिना किसी जानकारी की गई है, जो बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं असंतोषजनक है।

रूबी देवी ने पत्र में मांग की है कि संवेदनशील वस्तुस्थिति को देखते हुए अवैध नियुक्ति में संलिप्त मो. शाकीब नाजीर प्रा. शि. और प्रधानाध्यापक, जय गोविन्द सिंह पर विभागीय कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाय।

कॉलेज गयी 18 वर्षीया छात्रा लापता

मसौढ़ी (आससे)। मसौढी थाना क्षेत्र के रहमतगंज गांव की एक 18 वर्षीय छात्रा के कॉलेज जाने के बाद लापता हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की मां बेबी खातून, उम्र 40 वर्ष, पति मो. कयामुद्दीन, निवासी ग्राम रहमतगंज, थाना मसौढ़ी, ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री रेशमा प्रवीण, उम्र 18 वर्ष, 26 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11 बजे घर से यह बोलकर निकली थी कि वह कमला चन्द्रिका बाबू महिला कॉलेज पढ़ने जा रही है।

शाम करीब साढ़े चार बजे तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान पता चला कि बरनी बाजार, थाना धनरूआ, जिला पटना निवासी एक लड़का सुकेश यादव, उम्र 30 वर्ष, पिता दशरथ यादव,, उसका उनकी पुत्री के मोबाइल नं पर लगातार बातचीत होती थी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उक्त लड़के द्वारा ही उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। मसौढ़ी थाना में इस संबंध में कांड संख्या 1056/26 दिनांक 26-10-26 के तहत धारा में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने छात्रा और युवक की तलाश शुरू कर दी है।

धान खरीद का बहिष्कार करेंगे पैक्स अध्यक्ष

मसौढ़ी (आससे)। आगामी 15 नवंबर से धान अधिप्राप्ति शुरू होनी है, लेकिन इससे पहले ही पैक्स अध्यक्षों ने खरीद के बहिष्कार की चेतावनी दे दी है। लंबित भुगतान, ब्याज के बोझ, कमीशन एवं शुल्क में वृद्धि और लक्ष्य बढ़ाने समेत 9 सूत्री मांगों को लेकर पैक्स अध्यक्ष इस बार धान खरीद नहीं करेंगे। ऐसे में बुधवार को मसौढी प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्षों के साथ जिला कोऑपरेटिव पदाधिकारी रितेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई, को-ऑपरेटिव बैंक के जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि धान की उपज के अनुरूप लक्ष्य बढ़ाया जाए,इसके अलावा राज्य खाद्य निगम द्वारा पैक्स समितियों को आपूर्ति किए गए ष्टरूक्रका भुगतान पिछले 6 महीने से अधिक समय से लंबित है। इससे कई समितियां डिफॉल्टर की कगार पर पहुंच गई हैं। राज्य सहकारी बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 तक राज्य की समितियों पर करीब 174 करोड़ रुपये का अतिरिक्त ब्याज भार पड़ चुका है। नियमानुसार चावल की राशि का भुगतान 48 घंटे के भीतर होना चाहिए, लेकिन समय पर भुगतान नहीं होने से पैक्सों को बैंक ऋण चुकाने में भारी परेशानी हो रही है। इस मुद्दे को लेकर को-ऑपरेटिव बैंक में हुई बैठक में सभी समितियों ने चिंता जताई। निर्णय लिया गया है कि 30 अक्टूबर 2026 को सभी जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के मुख्यालय में पैक्स और व्यापार मंडल अध्यक्षों की विशेष बैठक होगी। बैठक के बाद जिला पदाधिकारी को सामूहिक ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रमुख 9 मांगें में सीएमआर के लंबित भुगतान का तत्काल भुगतान. ब्याज राशि की प्रतिपूर्ति. अधिप्राप्ति कमीशन, मिलिंग, मंडी श्रम और हैंडलिंग शुल्क में वृद्धि. सरकारी गारंटी वाले ऋण की लंबित राशि की प्रतिपूर्ति. प्रत्याभूति शुल्क से छूट. प्रबंधकीय अनुदान 20-30 रु. से बढ़ाकर 60 रु. प्रति क्विंटल किया जाए. गन्नी बैग की राशि 25 रु. से बढ़ाकर 100 रु. प्रति क्विंटल की जाए धान खरीद का लक्ष्य बढ़ाया जाए. डिफॉल्टर समितियों को राहत दी जाए बैठक में नूरा पैक्स के संजय कुमार, भैंसवां पैक्स के लाल बिहारी यादव, चरमा पैक्स के राकेश कुमार निरंजन,लखनौर बिदौली पैक्स के सतीश प्रसाद, बारा के सहजानंद सिंह, कराय पैक्स के संजय कुमार, भगवानगंज के अवधेश कुमार सहित दर्जनों पैक्स अध्यक्ष, मौजूद थे।

एक्ता लॉगजिस डिलीवरी सेंटर से कीमती पार्सल गायब

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी स्थित एक्ता लॉजिस्टिक के डिलीवरी सेंटर से कीमती पार्सलों की चोरी का मामला सामने आया है। कंपनी के टीम लीडर की शिकायत पर पुलिस ने एक डिलीवरी बॉय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सम्यक कुमार सन्नी, पिता सुबोध कुमार सिन्हा, राजीव नगर रोड, पुराना पाटलिपुत्र, बिन्देश्वरी नगर, पाटलिपुत्र कॉलोनी ने बताया कि वह मसौढ़ी एक्ता लॉजिस्टिक कंपनी में बतौर टीम लीडर के पद पर कार्यरत हैं। को उनके डिलीवरी हब से कुछ कीमती पार्सल चोरी हो गए। आरोप है कि हब में डिलीवरी का काम करने वाले अमन कुमार, पिता नितीश कुमार, ग्राम चकलमा, पोस्ट-पोआवां,प्रोफाइल आईडी- ने सेंटर से गलत तरीके से पार्सल चोरी कर फरार हो गया। चोरी हुए सामान में स्मार्ट फोन, कपड़े इत्यादि शामिल हैं। शिकायत के साथ ट्रैकिंग आईडी, सीसीटीवी फुटेज और डिलीवरी रिकॉर्ड भी संलग्न किया गया है, मसौढ़ी थाना में कांड संख्या 1031/26 के तहत में मामला दर्ज किया गया है।

पेंशनर एसोसिएशन ने तीन दिवंगत सदस्यों को दी श्रद्धांजलि

बिहटा (आससे)। पेंशनर एसोसिएशन बिहटा के कार्यालय में बुधवार को संघ के अध्यक्ष विटेश्वर नाथ पाठक की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। इसमें संघ के तीन सदस्यों स्व. चन्द्रमा प्रसाद शर्मा, स्व. मदन मोहन सिंह एवं स्व. स्वामीनाथ सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

शोकसभा में उपस्थित पेंशनरों ने दिवंगत सदस्यों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए संघ एवं समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। इस मौके पर संघ के सचिव राजेश्वर द्विवेदी, अवधेश शर्मा, नरेंद्र मिश्रा, बालमुकुंद शर्मा, राजेश्वर शर्मा, वीरेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, अरुण कुमार, कन्हाई सिंह, भगवान शर्मा, राम शर्मा, नीरज कुमार, पूर्णेंदु शर्मा और चन्द्रदेव प्रसाद सहित कई पेंशनर उपस्थित रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

कलश यात्रा के साथ माधोपुर में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

बख्तियारपुर (आससे)। नगर राजस्व कचहरी भवन के निकट अब्बू



परिषद क्षेत्र के नया टोला माधोपुर गांव में महमदपुर निवासी रणजीत सिंह के सहयोग से भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन का शुभारंभ आज सुबह कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा में ढ़ाई सौ से अधिक महिलाए गाजे बाजे के साथ गंगा जल भरने के लिये प्रस्थान किया तथा धार्मिक रीरिरिवाज के साथ स्नान करने के बाद कलश में गंगा जल लेकर श्रीमद्भागवत कथा स्थल पर पहुंची ज्ञातव्य है कि राजस्व कचहरी भवन के निकट आयोजित श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ में श्रीधाम वृन्दावन से आये कथा वाचक वैष्णवाचार्य जी महाराज प्रवचन देंगे। उनके साथ पं. आनंद मिश्रा भी उपस्थित होंगे। श्रीमद्भागवत कथा २८ अक्टूबर से लगातार ३ नवम्बर तक आयोजित की जाएगी।

भाकपा ने अंचल कार्यालय पर किया प्रदर्शन

खुसरूपुर (आससे)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद के



बैनर तले बुधवार को स्थानीय अंचल कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद पार्टी प्रतिनिधियों ने अंचलाधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित एक स्मार-पत्र सौंपा, जिसमें क्षेत्र के भूमिहीनों को आवास के लिए जमीन देने और बैकठपुर मुशहरी के पर्चाधारियों को जमीन पर कब्जा दिलाने की मुख्य मांगें शामिल हैं।

प्रदर्शन का नेतृत्व अंचल सचिव भूषण कुमार पांडेय ने किया।इससे पूर्व प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए भाकपा जिला सचिव विश्वजीत कुमार सहित अन्य नेताओं ने कहा कि प्रखंड में बड़ी संख्या में गरीब और भूमिहीन परिवार बिना घर के रहने को विवश हैं।

सरकार की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर इन जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इस मौके पर विनोद कुमार,भोला कुमार, अनुप कुमार और विपिन पासवान सहित अन्य भाकपा नेता मौजूद रहे।

धनरुआ में दो टन से अधिक मिठाई जब्त, दुकान का लाइसेंस निलंबित

मसौढ़ी (आससे)। त्योहारी सीजन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कश्यप के नेतृत्व में विभागीय टीम ने कई बड़े प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

इसी क्रम में धनरुआ प्रखंड के देवराह टोला, हवलदार चक स्थित एक मिठाई दुकान आकाश स्वीट्स सह कारखाने में छापेमारी की गई। जांच के दौरान यहां बेसन लड्डू, मिल्क केक और खोवा समेत कुल 2060 किलोग्राम तैयार मिठाई में भारी अनियमितता पाई गई।

कारखाने में साफ-सफाई का घोर अभाव मिला। मिठाइयों की पैकिंग पर बैच नंबर, निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट अंकित नहीं थी। कर्मचारियों का हेल्थ सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल और पानी जांच की रिपोर्ट भी टीम को नहीं दिखायी जा सकी। मिठाइयों को खुले में और गंदगी के बीच बनाया जा रहा था।

विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 2060 किलो मिठाई को मौके पर ही नष्ट कर दिया और जांच के लिए नमूने लेकर प्रयोगशाला भेज दिए हैं। साथ ही प्रतिष्ठान को सात दिनों के लिए बंद करने और उसका लाइसेंस निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि जिले में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। वही छापेमारी से धनरूआ समेत मसौढ़ी में भी कई होटल में भी हड़कंप मची रही, मसौढी बाजार में दिन भर गहमागहमी का माहौल रहा, लेकिन देर शाम तक छापेमारी टीम नहीं पहुंची, अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही पूरे मसौढी बाजार के सभी होटल के मिठाई दुकानों पर छापेमारी की जाएगी।

बिजली चोरी में नौ उपभोक्ताओं पर 2.12 लाख का जुर्माना

मनेर। नेउरा विद्युत आपूर्ति प्रशाखा ने बिजली चोरी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। कनीय विद्युत अभियंता श्याम बाबू शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए विशेष जांच अभियान में बलुआ पंचायत क्षेत्र में नौ लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। कनीय अभियंता ने बताया कि सभी उपभोक्ता मीटर में छेड़छाड़ कर या बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपयोग कर रहे थे।

इस संबंध में मनेर थाने में विद्युत अधिनियम 2003 की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर 9 लोगों पर कुल 2 लाख 12 हजार 313 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है।

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, कठौतिया गांव निवासी शिवधर सिंह (पिता-इंदु सिंह) पर 21,310 रुपये, भोला राय (पिता-जिम्मेदार राय) पर 28,811 रुपये, उषा देवी (पति-रामेश राय) पर 9,512 रुपये, मंटू कुमार (पिता-जिम्मेदार राय) पर 27,880 रुपये, छोटन कुमार राय (पिता-स्व0 लक्ष्मण राय) पर 22,677 रुपये, शर्मा राय (पिता-कमला राय) पर 30,028 रुपये, सूर्य प्रताप (पिता-राजदेव राय) पर 22,828 रुपये, राजू कुमार (पिता-देवेंद्र राय) पर 24,895 रुपये तथा राजेश कुमार (पिता-उपेंद्र राय) पर 24,372 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

17 लोगों को एसडीएम ने किया गुजरात रवाना

मसौढ़ी (आससे)। आगामी 31 अक्टूबर को गुजरात के केवडिया नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मसौढ़ी अनुमंडल से 17 लोगों का एक दल बुधवार को रवाना किया गया। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लिए देश भर के साथ-साथ बिहार के उग्रवाद प्रभावित जिलों और अनुमंडलों से भी विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इसी क्रम में मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र से कुल 17 लोगों का चयन किया गया है जो इस गौरवशाली कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। बुधवार की दोपहर अनुमंडल कार्यालय परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया, जहां से अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने सभी 17 प्रतिभागियों को सरकारी बस से पाटलिपुत्र जंक्शन के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि यहां से यह दल विशेष ट्रेन के माध्यम से सीधे गुजरात के केवडिया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर पहुंचेगा, जहां 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित होगा एसडीएम धनराज कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। केंद्र सरकार द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों में दूर-दराज और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को शामिल कर उन्हें राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह दल गुजरात में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, परेड और एकता शपथ समारोह में शामिल होगा। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार सहित अनुमंडल के कई अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

जमीनी विवाद में मारपीट

मसौढ़ी (आससे)। मसौढी थाना के सामने मेन रोड में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में जमकर मारपीट और गाली-गलौज हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लोहे के रॉड से हमला कर जख्मी करने और दुकान पर धावा बोलने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से प्रियंका कुमारी, उम्र 34 वर्ष, पति अजीत कुमार, मेन रोड ने आरोप लगाया है कि पारिवारिक विवाद को लेकर उनके दो भैंसुर अमित कुमार उम्र 45 वर्ष पिता स्व. शिव शंकर केशरी और सुजीत कुमार उम्र 44 वर्ष पिता शिव शंकर केशरी उनकी दुकान पर एक राय होकर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर अमित कुमार ने उनके पति अजीत कुमार पर लोहे के रॉड से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया और सुजीत कुमार ने मारपीट कर दुकान में रखे 1800 रुपये छीन लिए। वहीं दूसरे पक्ष की रूबी कुमारी, उम्र 39 वर्ष, पति सुजीत कुमार, मेन रोड थाना के सामने, मसौढ़ी ने आरोप लगायाकी जब वह घर पर थी, तभी दुकान पर हल्ला सुनकर गई तो देखा कि उनके देवर अजीत कुमार उम्र 42 वर्ष और उनकी पत्नी प्रियंका कुमारी ने उनके भैंसुर अमित कुमार उम्र 44 वर्ष पर गाली-गलौज करते हुए लोहे के रॉड से हमला कर जख्मी कर दिया। बीच-बचाव करने आई तो उन्हें भी धमकी दी गई। इस संबंध में मसौढ़ी थाना में मामला दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों ने लड़ाई का कारण पूर्व से चला आ रहा जमीनी विवाद बताया है। पुलिस का कहना है कि दोनों प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

मौसम बदलने से गुलाबी ठंड का अहसास, जनजीवन प्रभावित

मसौढ़ी (आससे)। अनुमंडल के शहरी एवं ग्रामीण इलाके में मौसम का मिजाज धीरे-धीरे बदलने लगा है सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास आम लोगों को होने लगा है दिन में तेज धूप निकलने से गर्मी महसूस हो रही है मौसम के इस बदलते रूप के कारण लोगों को सुबह ठंड और दोपहर में गर्मी का सामना करना पड़ रहा है अगले आने वाले दो-तीन दिनों में मौसम में बदलाव होने की संभावना है जानकारों के मुताबिक आगामी 1 नवंबर से मौसम और बदलेगा तेज हवा के साथ एक-दो दिन पूर्व में ही वर्षा होने की संभावना है वर्षा का दौरा 1 नवंबर तक रहने का पूर्वानुमान लगाया गया है इसके बाद मौसम साफ होते ही ठंड का असर और बढ़ जाएगा ठंड के प्रारंभिक दौर में ही लोगों को सचेत रहने का आवश्यकता है।

प्रपत्र VII

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अर्जन निदेशालय)

या

समाहर्ता-सह-समुचित सरकार

अधिघोषणा

(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)

चूँकि बिहार सरकार/समाहर्ता को प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा-**परियोजना पथ प्रमंडल, रोसड़ा अन्तर्गत मणिका (एस0एच0-88) से विक्रमपुर (एन0एच0-322) भाया श्रीराम जानकी मेडिकल कॉलेज नरघोघी, सरायरंजन बाईपास पथ के निर्माण** के लिए राजस्व ग्राम-**सारंगपुर (घ)**, थाना नं0-**279**, राजस्व थाना-**समस्तीपुर** अंचल-**मोरवा**, जिला-**समस्तीपुर** में रकवा **0.388** एकड़ अर्थात् **0.1570** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन भू-खंड है जो मापक माप से कमोवेश **0.388** एकड़ अर्थात् **0.1570** हेक्टेयर है और ग्राम-**सारंगपुर (घ)**, थाना नं0-**279**, राजस्व थाना-**समस्तीपुर** अंचल-**मोरवा**, जिला-**समस्तीपुर** में है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

क्रम सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1		6225	निजी	आवासीय	0.07	मलेजा पोद्दार पे0 स्व0 विश्वनाथ पोद्दार वो हरिचन्द्र पोद्दार वो हरेराम पोद्दार पे0 स्व0 जामुन पोद्दार	सीट-6	सड़क	खेसरा सं0-6224	सीट-6
2		6224	निजी	आवासीय	0.023	सुनील कुमार झा वो अनिल कुमार झा वो फेकन झा वो सोनेलाल झा पे0 स्व0 शोभाकांत झा वो सुधीर कुमार झा पे0 स्व0 नवल किशोर झा	खेसरा सं0-6423	सड़क	सीट-6	खेसरा सं0-6225
3		6230	निजी	आवासीय	0.024	अरूण पोद्दार पे0 स्व0 जदु पोद्दार	सड़क	खेसरा सं0-6229	खेसरा सं0-6227	सीट-6
4		6227	निजी	आवासीय	0.025	राम सागर राय पे0 स्व0 चलितर राय	सड़क	खेसरा सं0-6228	खेसरा सं0-6237	खेसरा सं0-6230
5		6237	निजी	आवासीय	0.017	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6236	खेसरा सं0-6238	खेसरा सं0-6227
6		6238	निजी	आवासीय	0.012	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6236	खेसरा सं0-6239	खेसरा सं0-6237
7		6239	निजी	आवासीय	0.014	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6245	खेसरा सं0-6240	खेसरा सं0-6238
8		6240	निजी	आवासीय	0.005	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6241	खेसरा सं0-6241	खेसरा सं0-6239
9		6241	निजी	आवासीय	0.01	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6243	खेसरा सं0-6277	खेसरा सं0-6240
10		6277	निजी	आवासीय	0.018	अवध नारायण लाल वो हरि नारायण लाल पे0 स्व0 जगदम्बी लाल वो सीयाराम राय पे0 रामदेव राय	सड़क	खेसरा सं0-6276	खेसरा सं0-6278	खेसरा सं0-6241
11		6278	निजी	आवासीय	0.015	सियाराम राय पे0 रामदेव राय वो अशर्फी राय वो कामेश्वर राय पे0 रामदेव राय	सड़क	खेसरा सं0-6279	खेसरा सं0-6280	खेसरा सं0-6277
12		6280	निजी	आवासीय	0.02	जुगेश्वर राय वो राम प्रकाश राय पे0 बिहारी राय	सड़क	खेसरा सं0-6272	खेसरा सं0-6281	खेसरा सं0-6278
13		6281	निजी	आवासीय	0.02	रामनारायण राय पे0 बिहारी राय	सड़क	खेसरा सं0-6282	खेसरा सं0-6294	खेसरा सं0-6280
14		6294	निजी	आवासीय	0.035	हरिहर राय पे0 बिरत राय वो सुरेश राय वगैरह पे0 दिपू राय वो अशोक राय वगैरह पे0 नेवा राय	सड़क	खेसरा सं0-6286	सीट-6	खेसरा सं0-6281
15		6036	निजी	आवासीय	0.015	अकलू साह वो नेति लाल साह वो हजारी साह वो मोती साह वो राम बलम साह वो राम जतन साह पे0 सुखदेव साह	सीट-6	सड़क	सीट-6	खेसरा सं0-6037
16		6037	निजी	आवासीय	0.015	अकलू साह वो नेति लाल साह वो हजारी साह वो मोती साह वो राम बलम साह वो राम जतन साह पे0 सुखदेव साह	सीट-6	सड़क	खेसरा सं0-6036	खेसरा सं0-6038
17		6038	निजी	आवासीय	0.0225	सकिन्द्र साह वो शिव कुमार साह वो लखीन्द्र साह वो चंदन साह पे0 रामगीता साह	सीट-6	सड़क	खेसरा सं0-6037	खेसरा सं0-6039
18		6039	निजी	आवासीय	0.0275	अशोक राय वो लालबाबू राय पे0 हदुगी राय वो कामेश्वर राय पे0 रामदेव राय	सीट-6	सड़क	खेसरा सं0-6038	सीट-6

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:- गाँव ...X..... थाना ...X..... थाना सं0 ...X..... अंचल ...X..... एवं जिला ...X..... क्षेत्र ...X..... एकड़

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खादान, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज हैं, ऐसे भागों में पड़े हुए खादान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर, आवश्यक नहीं है।

जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, समस्तीपुर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

PR- 014282 (Revenue) 2026-27

समाहर्ता, समस्तीपुर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

जलवायु अनुकूल खेती पर जोर किसानों ने सीखे उन्नत कृषि के तरीके

नौबतपुर (आससे)। आत्मा पटना की ओर से बुधवार को स्थानीय प्रखंड कृषि कार्यालय में वासंतिक (रबी) महाभियान 2026 के तहत जलवायु अनुकूल कृषि विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विभाग के अधिकारियों और कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती, फसल अवशेष प्रबंधन और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। शिविर में किसानों को जीरो टिलेज मशीन से गेहूं की बुआई, चना, मसूर सहित अन्य दलहनी फसलों की उन्नत खेती, जैविक खेती, बीज उपचार, दवाओं के छिड़काव, खरपतवार नियंत्रण और जल प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने जलवायु के अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों के उपयोग से खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। इस दौरान कृषि विभाग की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड आत्मा अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। शिविर को प्रखंड कृषि पदाधिकारी राहुल राय, प्रखंड आत्मा के पूर्व अध्यक्ष मधेश्वर शर्मा, एटीएम आभा और मधु, कृषि समन्वयक मधेश कुमार, लेखापाल अविनाश कुमार तथा किसान सलाहकार ललन प्रसाद, विजयंत कुमार और अमित कुमार ने संबोधित किया।

युवाओं ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

बाढ़ (आससे)। आज बुधवार को अनुमंडल मुख्यालय परिसर में अम्बेडकर युवा मंच के बैनर तले दलित बस्तियों से दर्जनों युवाओं ने अपनी समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में दर्जनों की संख्या में युवक युवतियों ने हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों ने अपनी मांगों भरा ज्ञापन



अनुमंडलाधिकारी को सौंपा। उनकी मांगों में मुख्य रूप से राशन कार्ड के गड़बड़ी का सुधार कैम्प लगाकर करने, मतदाता सूची में छूटे नामों को जोड़ने, गली-नाली तथा ग्रामीण सड़कों के अधूरे कार्य को पूरा करने, दलित बस्तियों में लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग शामिल हैं।

बिहार सरकार

समाहरणालय, नवादा

(मद्य निषेध एवंउत्पाद विभाग)

अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पादवादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) क्रमशः दिनांक **13.11.2026, 20.11.2026, 26.11.2026** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :-

क्र. सं.	थाना का नाम	थाना काण्ड संख्या	वाहन का प्रकार	निबंधन संख्या	निबंधन का वर्ष	इंजन संख्या	चेचिस संख्या	मूल्यांकित राशि	अग्रधन की राशि	वाहन की अव स्थिति	वाहन मालिक का विवरणी
89	गोविन्दपुर थाना	289/25	BOLERO PICKUP	WB27E/4355 (WB37E/4355)	29-Mar-23	JAP1A13260	MA1ZU2TN KP1A15720	600000.00	150000.00	गोविन्दपुर थाना	धर्मेन्द्र कुमार, पिता-छोटे लाल पंडित, ग्राम-मंगलपुर कुमार पारा, पोस्ट-मंगलपुर, थाना-रानीगंज, जिला-पश्चिम बुरदवान, (पश्चिम बंगाल)-713347
90	उत्पाद थाना, नवादा	1035/23	MARUTI SUZUKI SWIFT DZIRE CAR	WB06C/0680	11-Jun-09	G13BBN5228 42 (D13A501373 3)	MAJEKE42S 00210874 (MA3FSEB1 S00463223)	50000.00	12500.00	रजौली चेक पोस्ट	गौतम गांगुली, पिता-डी.एन गांगुली, ग्राम-63/1 प्रिंस बख्तियार शाह, थाना-कोलकता, पश्चिम बंगाल
91	उत्पाद थाना, नवादा	153/25	SANTRO CAR	WB02R/358 (WB38M/2021)	29-Sep-03	G4HD3C4263 2	MALAB51H R3M364696	30000.00	7500.00	बुधौल	सुरेन्द्र सिंह छावड़ा, पिता- स्व० एम० एस० छावड़ा, ग्राम-बगोदर, थाना- गिरीडिह, जिला- गिरीडिह, (झारखण्ड)-805125

विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)

अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा

PR. No. 014219 (Excise) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।